अनुक्रमणिका

जोखिम प्रबंधन --4

खंड I --4

प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी - I के अलावा भारत के निवासियों के लिए सुविधाएं ----------------------------4

वायदा संविदा --4

वायदा संविदाओं के अलावा अन्य संविदाएं --7

कॉर्पोरेट्स के लिए जोखिम प्रबंधन नीति --10

अंतरराष्ट्रीय कमोडिटी एक्सचेंजों/बाजारों में कमोडिटी मूल्य जोखिम की हेजिंग -------------------------10

विशेष आर्थिक क्षेत्र में संस्थाओं द्वारा कमोडिटी हेजिंग--11

भारत के बाहर रहने वाले व्यक्तियों के लिए सुविधाएं --11

विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के लिए सुविधाएं --12

अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) के लिए सुविधाएं ---12

भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश हेजिंग के लिए सुविधाएं --13

खंड II --13

प्राधिकृत व्यापारियों श्रेणी-I के लिए सुविधाएं ---13

बैंकों की आस्ति -देयताओं का प्रबंधन --13

सोने की कीमतों की हेजिंग ---14

पूंजी की हेजिंग ---14

भाग ख --15

अनिवासी बैंकों के खाते--15

सामान्य ---15

अनिवासी बैंकों के रुपया खाते --15

अनिवासी बैंकों के खातों का निधियन वित्तपोषण ---15

अन्य खातों से अंतरण --16

रुपये का विदेशी मुद्रा में रूपांतरण ---16

भुगतान करने और प्राप्त करने वाले बैंकों की जिम्मेदारियां ---16

रुपये प्रेषण की वापसी --16

विदेशी शाखाओं/प्रतिनिधियों को ओवरड्राफ्ट/ऋण --16

विनिमय प्रतिष्ठानों के रुपया खाते --17

भाग ग --17

अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा लेनदेन ---17

सामान्य ---17

स्थिति और अंतराल --17
अंतर-बैंक लेनदेन --17
विदेशी मुद्रा खाते/विदेशी बाजारों में निवेश --18
ऋण/ओवरड्राफ्ट --19
भाग घ --**20**
रिजर्व बैंक को रिपोर्ट--**20**
अनुबंध I --**23**
अनुबंध II --**26**
अनुबंध III --**29**
अनुबंध IV --**30**
अनुबंध V --**31**
अनुबंध VI --**32**
अनुबंध VII --**33**
अनुबंध VIII --**37**
अनुबंध IX --**40**
अनुबंध X --**41**
अंतरराष्ट्रीय कमोडिटी एक्सचेंज/बाजार में हेजिंग लेनदेन करने के लिए शर्तें/दिशानिर्देश------------------42
परिशिष्ट --**44**

भाग-क

जोखिम प्रबंधन
खंड-।
प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-। को छोड़कर भारत में रहने वाले व्यक्तियों के लिए सुविधाएं
वायदा संविदा

ए.1 भारत में निवास करने वाला कोई व्यक्ति किसी अधिनियम, या उसके अंतर्गत बनाए गए अथवा जारी नियम या विनियम या निर्देश या आदेश के तहत किसी ऐसे लेनदेन के संबंध में, जिसके लिए विदेशी मुद्रा की बिक्री और/या खरीद की अनुमति दी गई है, विनिमय जोखिम को कम करने के लिए भारत में किसी प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I (प्रा.व्या.) बैंक के साथ निम्नलिखित नियमों और शर्तों के अधीन वायदा संविदा कर सकता है;

ए. यदि प्राधिकृत व्यापारी बैंक दस्तावेजी साक्ष्य के सत्यापन के माध्यम से अंतर्निहित जोखिम की वास्तविकता के बारे में संतुष्ट है, भले ही लेन-देन चालू या पूंजी खाता से किया गया है। ऐसे दस्तावेजों पर संविदा का पूरा विवरण यथोचित प्रमाणन के तहत अंकित किया जाना चाहिए और उसकी प्रतियां सत्यापन के लिए रखी जानी चाहिए। तथापि, प्राधिकृत व्यापारी बैंक आयातकों और निर्यातकों को इस परिपत्र के पैरा A 2 में उल्लिखित शर्तों के अधीन जोखिम की घोषणा के आधार पर वायदा संविदा बुक करने की अनुमति दे सकते हैं;

बी. हेज की परिपक्वता अंतर्निहित लेनदेन की परिपक्वता से अधिक नहीं है;

सी. हेज और उसकी अवधि की आवृति ग्राहक की पसंद पर छोड़ दी जाती है।

डी. जहां अंतर्निहित लेनदेन की सटीक राशि का पता नहीं लगाया जा सकता है, संविदा को किसी तार्किक अनुमान के आधार पर बुक किया जाता है।

ई. जहां ऐसा अनुमोदन आवश्यक है वहाँ रिज़र्व बैंक द्वारा अंतिम अनुमोदन प्रदान किए जाने अथवा ऋण पहचान संख्या दिए जाने के बाद ही विदेशी मुद्रा ऋण/बांड हेज के लिए पात्र होंगे;

एफ़. वैश्विक निक्षेपागार रसीदें (जीडीआर) निर्गम मूल्य को निर्धारित किए जाने के बाद हेज के लिए पात्र होंगी;

जी. खाताधारकों द्वारा वायदा बिक्री किए गए विदेशी मुद्रा अर्जक विदेशी मुद्रा (ईईएफसी) खातों में शेष राशि डिलीवरी के लिए निर्धारित रहेगी और ऐसे संविदा रद्द नहीं किए जाएंगे। हालाँकि, उन्हें रोल-ओवर किया जा सकता है;

एच. रुपये को भी एक मुद्रा के रूप में स्वीकार करने वाली ऐसे सभी वायदा संविदाएं जिन्हें एक वर्ष के भीतर देय होने वाले विदेशी मुद्रा एक्सपोजर को कवर करने के लिए निष्पादित किया गया है, को मुक्त रूप से रद्द और पुनः बुक किया जा सकता। निवासियों द्वारा चालू खाता लेनदेन को समयावधि की परवाह किए बगैर हेज करने के लिए निष्पादित ऐसी वायदा संविदाओं, जिन्होंने रुपये को भी एक मुद्रा के रूप में स्वीकार किया है, को मुक्त रूप से रद्द करने अथवा फिर से बुक करने की अनुमति दी जा सकती है। यह छूट पिछले प्रदर्शन के आधार पर दस्तावेजों के बिना बुक किए गए वायदा संविदाओं के साथ-साथ विदेशी मुद्रा में मूल्यवर्गित परंतु भारतीय रूपए में निष्पादित लेनदेन को हेज करने के लिए बुक किए गए वायदा संविदाओं पर भी पर लागू नहीं होगी और वहाँ मौजूदा प्रतिबंध जारी रहेंगे। कॉर्पोरेट एक्सपोजर को रिपोर्ट करने के लिए आवश्यक संशोधित प्रारूप अनुबंध-V में दिया गया है। रिपोर्ट में सभी कॉर्पोरेट ग्राहकों के एक्सपोजर का विवरण शामिल किया जाना है। इसके अलावा, रद्द किए जाने और पुन: बुकिंग की सुविधा की अनुमति तब तक नहीं दी जानी चाहिए जब तक कि कॉर्पोरेट ने वर्ष के दिनांक 1 अप्रैल की स्थिति के अनुसार अपेक्षित एक्सपोजर से संबंधित जानकारी प्रस्तुत नहीं की हो। रद्द करने पर गैर-भारतीय रूपए वाले सभी वायदा संविदाओं को पुनः मुक्त रूप से बुक किया जा सकता है।

आई. व्यापार लेनदेन की हेजिंग के लिए संविदाओं के प्रतिस्थापन की अनुमति अधिकृत डीलर द्वारा उन परिस्थितियों से संतुष्ट होने पर दी जा सकती है जिनके तहत ऐसा प्रतिस्थापन आवश्यक हो गया है।

ए.2 प्राधिकृत व्यापारी बैंक आयातकों और निर्यातकों को एक्सपोजर की घोषणा के आधार पर और पिछले तीन वित्तीय वर्षों (अप्रैल से मार्च) के वास्तविक आयात/निर्यात कारोबार के औसत तक या पिछले वर्ष के वास्तविक आयात/निर्यात कारोबार, जो भी अधिक हो, के आधार पर निम्नलिखित शर्तों के अधीन वायदा संविदा बुक करने की अनुमति दे सकते हैं;

ए. वर्ष के दौरान सकल रूप से बुक किए गए और किसी भी समय बकाया वायदा संविदा पिछले तीन वित्तीय वर्षों (अप्रैल से मार्च) के वास्तविक आयात/निर्यात कारोबार का औसत या पिछले वर्ष के वास्तविक आयात/ निर्यात कारोबार, जो भी अधिक हो, की तय सीमा से अधिक नहीं होने चाहिए। तय सीमा के 25 प्रतिशत से अधिक संविदा सुपुर्दगी के आधार पर बुक किए जाएंगे और इन्हें रद्द नहीं किया जा सकेगा। इन सीमाओं की गणना आयात/निर्यात कारोबार के लिए अलग से की जाएगी।

बी. दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किए बिना बुक किए गए किसी भी वायदा संविदा को इस सीमा के प्रति मार्क – ऑफ किया जाएगा।

सी. आयातकों और निर्यातकों द्वारा इस सुविधा के तहत अन्य प्राधिकृत डीलर श्रेणी- I के पास बुक की गई राशि के संबंध में प्राधिकृत व्यापारी बैंकों को एक घोषणा पत्र प्रस्तुत किया जाए।

डी. वायदा संविदा की परिपक्वता से पहले सहायक दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए ग्राहक से एक घोषणापत्र लिया जा सकता है।

ई. अपनेघटकों की वास्तविक आवश्यकताओं के बारे में संतुष्ट होने पर प्राधिकृत व्यापारी बैंक पात्र सीमा के 50 प्रतिशत से अधिक के बकाया वायदा संविदाओं की अनुमति निम्नलिखित दस्तावेजों की जांच के बाद दे सकते हैं:

i. ग्राहक के चार्टर्ड एकाउंटेंट से प्राप्त यह प्रमाण पत्र कि इस सुविधा का उपयोग करते समय सभी दिशानिर्देशों का पालन किया गया है।
ii. अनुबंध-VI में दिए गए प्रारूप में पिछले तीन वर्षों के दौरान ग्राहक के आयात/निर्यात कारोबार का उसके चार्टर्ड एकाउंटेंट/बैंक द्वारा विधिवत प्रमाणन।

एफ़. निर्यातक के मामले में, उपर्युक्त सुविधा का लाभ उठाने के लिए अतिदेय बिलों की राशि कारोबार के 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए।

जी. प्राधिकृत व्यापारी बैंकों को इस सुविधा के तहत उनके ग्राहकों को प्रदान की गई और उपयोग की गई सीमाओं पर अनुबंध-IX में दिए गए प्रारूप में एक मासिक रिपोर्ट (प्रत्येक माह के अंतिम

शुक्रवार को) प्रस्तुत करना आवश्यक है। यह रिपोर्ट मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय रिज़र्व बैंक, विदेशी मुद्रा विभाग, विदेशी मुद्रा बाजार प्रभाग, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई-400 001 को भेजी जाए।

नोट: पैराग्राफ संख्या 2 में निर्दिष्ट सीमाएं एक्सपोजर की घोषणा के आधार पर बुक किए गए वायदा संविदाओं से संबंधित हैं। जब प्राधिकृत व्यापारी बैंक द्वारा दस्तावेजी साक्ष्यों के सत्यापन के बाद वायदा संविदाएं बुक की जाती हैं, तो ये सीमाएं लागू नहीं होती हैं और ऐसी संविदाएं अंतर्निहित की सीमा तक बुक की जा सकती हैं।

ए.3: एक प्राधिकृत व्यापारी बैंक के साथ रद्द की गई वायदा संविदा को निम्नलिखित शर्तों के अधीन दूसरे प्राधिकृत व्यापारी बैंक के साथ पुनः बुक किया जा सकता है:

i. यह परिवर्तन दी जाने वाली प्रतिस्पर्धी दरों, प्राधिकृत व्यापारी बैंक, जिसके साथ संविदा मूल रूप से बुक किया गया था, के साथ बैंकिंग संबंधों की समाप्ति आदि के कारण आवश्यक हुआ है।

ii. निरसन और पुनर्बुकिंग एक साथ संविदा की परिपक्वता तिथि पर की जाती है

iii. मूल संविदा का रद्द किया जाना सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी उस प्राधिकृत व्यापारी. बैंक की है जो संविदा की फिर से बुकिंग करता है।

ए 4

ए. विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (इक्विटी और ऋण में) रखने वाले निवासियों को ऐसे निवेशों से उत्पन्न विनिमय जोखिम को हेज करने की अनुमति है। प्राधिकृत व्यापारी बैंक एक्सपोजर के सत्यापन के अधीन ऐसे निवेशों की हेजिंग के लिए निवासियों के साथ वायदा संविदा कर सकते हैं। विदेशी प्रत्यक्ष निवेश को कवर करने वाले संविदाओं को सुपुर्दगी द्वारा पूरा किया जाना चाहिए या देय तिथि पर रोल ओवर किया जाना चाहिए और ये रद्द नहीं नहीं किए जा सकते हैं ।

बी. यदि विदेशी प्रत्यक्ष निवेश के बाजार मूल्य में कमी के कारण हेज आंशिक या पूर्ण रूप से प्रतिभूति रहित हो जाता है, तो वह मूल परिपक्वता तक जारी रह सकता है। देय तिथि पर रोल ओवर की अनुमति उस तिथि के बाजार मूल्य की सीमा तक होगी।

ए 5.

प्राधिकृत व्यापारी बैंक विदेशी मुद्रा में मूल्यांकित किंतु भारतीय रुपये में निपटान किए गए लेनदेनों

के संबंध में निवासियों के साथ वायदा संविदा भी कर सकते हैं। ये संविदा परिपक्वता तक रखे जाएंगे और परिपक्वता तिथि पर संविदाओं को रद्द करके नकद निपटान किया जाएगा। एक बार रद्द किए गए ऐसे लेनदेन को कवर करने वाले वायदा संविदा, फिर से बुक किए जाने के योग्य नहीं हैं।

वायदा संविदाओं के अलावा अन्य संविदाएं

ए 6 ए. प्राधिकृत व्यापारी बैंक बैक-टू-बैक आधार पर अपने ग्राहकों के साथ विदेशी मुद्रा-रुपया विकल्प संविदा कर सकते हैं। उन्हें रिज़र्व बैंक के पूर्व अनुमोदन के अधीन एक ऑप्शन बुक चलाने की भी अनुमति है। वायदा संविदाओं के लिए लागू सभी दिशानिर्देश रुपया विकल्प संविदाओं पर भी लागू होते हैं। विस्तृत दिशानिर्देश और रिपोर्टिंग अपेक्षाएं अनुबंध -VII में दी गई हैं।

बी. भारत में निवासी कोई व्यक्ति जिसने विदेशी मुद्रा प्रबंधन (विदेशी मुद्रा में उधार लेना और उधार देना) विनियम, 2000 के प्रावधानों के अनुसार विदेशी मुद्रा उधार ली है, उसके ऋण एक्सपोजर को हेज करने और इस तरह के हेज को समाप्त करने के लिए भारत में किसी प्रा. व्या. बैंक के साथ या भारत में विदेशी मुद्रा में लेनदेन करने के लिए प्राधिकृत बैंक की भारत से बाहर की शाखा या भारत में अपतटीय बैंकिंग यूनिट के साथ ब्याज दर /मुद्रा /कूपन स्वैप या विदेशी मुद्रा ऑप्शन या ब्याज दर कैप या कॉलर (खरीद) या वायदा दर करार (एफआरए) संविदा कर सकता है, बशर्ते कि:

i. संविदा में रुपया शामिल नहीं है

ii. विदेशी मुद्रा में उधार लेने के लिए रिज़र्व बैंक द्वारा अंतिम स्वीकृति या ऋण पहचान संख्या जारी की गई है।

iii. हेज की अनुमानित मूल राशि विदेशी मुद्रा ऋण की बकाया राशि से अधिक नहीं है।

iv. हेज की परिपक्वता अंतर्निहित ऋण की बची हुई परिपक्वता से अधिक नहीं है।

इन संविदाओं को मुक्त रूप से रद्द और पुनः बुक किया जा सकता है

सी. भारत में रहने वाला कोई व्यक्ति, जिसके पास विदेशी मुद्रा या रुपये की देनदारी है, निम्नलिखित नियमों और शर्तों के तहत लंबी अवधि के एक्सपोजर को हेज करने के लिए भारत में प्रा. व्या. बैंक के साथ विदेशी मुद्रा-रुपया स्वैप के लिए संविदा कर सकता है:

i. किसी भी रूप में रुपये या उसके समतुल्य के अग्रिम भुगतान से संबंधित कोई स्वैप लेनदेन

नहीं किया जाएगा।

ii. प्राधिकृत व्यापारी बैंकों द्वारा कॉर्पोरेट प्रतिपक्षों की आवश्यकताओं का मिलान करके मध्यस्थ के रूप में स्वैप लेनदेन किए जा सकते हैं।

iii. जबकि प्रा. व्या. बैंकों पर ग्राहकों को उनके विदेशी मुद्रा जोखिमों की हेजिंग की सुविधा के लिए स्वैप की सुविधा देने के लिए कोई सीमा नहीं रखी गई है, ग्राहकों को विदेशी मुद्रा देयता लेने, जिसके परिणामस्वरूप बाजार में आपूर्ति होती है, की सुविधा देने वाले स्वैप लेनदेन के लिए सीमाएं निर्धारित की गई हैं,। जबकि मिलान किए गए लेन-देन किए जा सकते हैं, इन स्वैप के कारण बाजार में शुद्ध आपूर्ति के लिए 50 मिलियन अमरीकी डालर की सीमा रखी गई है। ग्राहकों द्वारा विदेशी मुद्रा से रुपये के स्वैप को रद्द करने से उत्पन्न होने वाली स्थिति को कैप के भीतर शामिल करने की आवश्यकता नहीं है।

iv. ग्राहकों को विदेशी मुद्रा देयता ग्रहण करने की सुविधा प्रदान करने के लिए स्वैप लेनदेन के लिए निर्दिष्ट सीमा के संदर्भ में, उक्त सीमा को स्वैप के निरसन / परिपक्वता पर और परिशोधन पर, परिशोधित राशि तक बहाल किया जाएगा।

v. उपरोक्त लेन-देन यदि रद्द कर दिया जाता है, तो उसे फिर से किसी भी नाम से बुक या दर्ज नहीं किया जाएगा।

डी.

i. भारत में निवासी कोई व्यक्ति अपने व्यापार से उत्पन्न होने वाले विदेशी मुद्रा एक्सपोजर को हेज करने के लिए भारत में प्रा. व्या. बैंक के साथ एक क्रॉस मुद्रा ऑप्शन संविदा (रुपया शामिल नहीं) कर सकता है।

- बशर्ते कि लागत प्रभावी जोखिम कम करने की रणनीतियों जैसे रेंज फॉरवर्ड, रेश्यो-रेंज फॉरवर्ड या किसी भी नाम से जाने जाने वाले किसी भी अन्य चर के संबंध में, प्रीमियम का कोई निवल अंतर्वाह नहीं होगा। इन लेनदेनों को स्वतंत्र रूप से बुक और/या रद्द किया जा सकता है।

ii. क्रॉस करेंसी ऑप्शंस को पूरी तरह से कवर करते हुए बैक-टू-बैक आधार पर लिखा जाना चाहिए। कवर लेनदेन भारत के बाहर किसी बैंक, विशेष आर्थिक क्षेत्र में स्थित अपतटीय बैंकिंग इकाई या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त विकल्प एक्सचेंज या भारत में किसी अन्य प्राधिकृत व्यापारी बैंक के साथ किया जा सकता है।

iii. क्रॉस करेंसी फॉरवर्ड कॉन्ट्रैक्ट्स के लिए लागू सभी दिशानिर्देश क्रॉस करेंसी ऑप्शन कॉन्ट्रैक्ट्स पर भी लागू होते हैं।

iv. ऑप्शंस लिखत करने के इच्छुक प्राधिकृत व्यापारी बैंकों को व्यवसाय शुरू करने से पहले मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय रिज़र्व बैंक, विदेशी मुद्रा विभाग, विदेशी मुद्रा बाजार प्रभाग, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई, 400001 से एकबारगी अनुमोदन प्राप्त करना चाहिए।

स्पष्टीकरण

विदेशी मुद्रा में निविदा बोली प्रस्तुत करने से उत्पन्न आकस्मिक विदेशी मुद्रा एक्सपोजर भी इस उप-पैराग्राफ के तहत हेजिंग के लिए पात्र है।

टिप्पणी

रुपये को शामिल करने वाले और रुपये को शामिल न करने वाले विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव संविदाओं के संबंध में,

ए. प्रा. व्या. बैंकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि निम्नलिखित मामलों में

i. स्वैप संरचनाएं जहां प्रीमियम लागत में अंतर्निहित है

ii. लागत घटाने वाली संरचनाओं से जुड़े ऑप्शन संविदा,

- ऐसी संरचनाएं किसी भी तरह से जोखिम में वृद्धि नहीं करती हैं और
- ग्राहक द्वारा प्रीमियम की शुद्ध प्राप्ति नहीं होती है

बी. प्राधिकृत व्यापारी बैंकों को लीवरेज्ड स्वैप संरचना की पेशकश नहीं करनी चाहिए।

सी. प्राधिकृत डीलरों को स्वैप रूट को वहां वायदा संविदा के लिए सरोगेट बनने की अनुमति नहीं देनी चाहिए जहां फॉरवर्ड कवर की अर्हता नहीं हैं।

कॉर्पोरेट्स के लिए जोखिम प्रबंधन नीति

ए 7: प्राधिकृत व्यापारी बैंकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कॉर्पोरेट के निदेशक मंडल ने एक जोखिम प्रबंधन नीति तैयार की है, लेन-देन को पूर्ण करने के लिए स्पष्ट दिशानिर्देश निर्धारित किए हैं और विनियमों के अनुपालन को सत्यापित करने के लिएपरिचालन की आवधिक समीक्षा और लेनदेन की वार्षिक लेखापरीक्षा के लिए संस्थागत व्यवस्था की है। प्राधिकृत डीलरों द्वारा संबंधित कॉर्पोरेट से आवधिक समीक्षा रिपोर्ट और वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट प्राप्त की जानी चाहिए।

अंतरराष्ट्रीय कमोडिटी एक्सचेंजों/बाजारों में कमोडिटी मूल्य जोखिम की हेजिंग

ए 8

i. आयात और निर्यात व्यापार में लगे हुए या रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर अन्यथा अनुमोदित, भारत में रहने वाला कोई व्यक्ति अंतरराष्ट्रीय कमोडिटी एक्सचेंजों/बाजारों में सभी वस्तुओं के मूल्य जोखिम को हेज कर सकता है। प्राधिकृत व्यापारी वाणिज्यिक बैंको, कुछ न्यूनतम मानदंडों को पूरा करते हुए, रिज़र्व बैंक द्वारा प्राधिकृत किए जाने पर मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध कंपनियों को किसी भी वस्तु (सोने, चांदी, पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों को छोड़कर) के संबंध में अंतरराष्ट्रीय कमोडिटी एक्सचेंज / बाजार में मूल्य जोखिम को हेज करने की अनुमति दे सकते हैं।

ii. विस्तृत दिशा-निर्देश और रिपोर्टिंग आवश्यकताएं अनुबंध X में दी गई हैं। कंपनियों/फर्मों की कमोडिटी हेजिंग के लिए प्राप्त आवेदन, जो प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I के प्रत्यायोजित प्राधिकार द्वारा कवर नहीं किए गए हैं, को किसी प्राधिकृत व्यापारी बैंक के अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग प्रभाग के माध्यम से विशिष्ट सिफारिश के साथ निम्नलिखित विवरण देते हुए रिज़र्व बैंक को विचारार्थ भेजा जा सकता है।

iii. प्रस्तावित हेजिंग रणनीति का संक्षिप्त विवरण, अर्थात्

iv. व्यावसायिक गतिविधि और जोखिम की प्रकृति का विवरण,

बी. हेजिंग के लिए उपयोग किए जाने वाले प्रस्तावित लिखत,

सी. कमोडिटी एक्सचेंजों और दलालों के नाम, जिनके माध्यम से जोखिम को हेज करने और क्रेडिट लाइन का लाभ उठाने का प्रस्ताव है। संबंधित देश में विनियामक प्राधिकरण

का नाम और पता भी दिया जा सकता है,

डी. एक्सपोज़र का आकार/ औसत अवधि और/या एक वर्ष में कुल टर्नओवर, साथ ही उसकी अपेक्षित चरम स्थिति और गणना का आधार।

1. प्रबंधन द्वारा अनुमोदित जोखिम प्रबंधन नीति की एक प्रति जिसमें शामिल हैं

ए. जोखिम की पहचान

बी. जोखिम माप

सी. पुनर्मूल्यांकन और/या स्थितियों की निगरानी के संबंध में दिशानिर्देशो और क्रियाविधियाँ जिनका पालन किया जाना चाहिए

डी. लेन-देन करने के लिए प्राधिकृत अधिकारियों के नाम और पदनाम और सीमाएं

कोई अन्य प्रासंगिक जानकारी।

इस गतिविधि को करने के लिए रिज़र्व बैंक द्वारा दिशानिर्देशों के साथ एकबारगी अनुमोदन दिया जाएगा।

विशेष आर्थिक क्षेत्रों में संस्थाओं द्वारा कमोडिटी हेजिंग

(ii) प्राधिकृत व्यापारी बैंक विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईज़ेड) में संस्थाओं को विदेशी कमोडिटी एक्सचेंजों/बाज़ारों में निर्यात/आयात पर उनकी कमोडिटी कीमतों की हेजिंग के लिए हेजिंग लेनदेन करने की अनुमति दे सकते हैं, बशर्ते कि ऐसी संविदा एकल(stand-alone) आधार पर की गई हो।

टिप्पणी: "स्टैंड अलोन" शब्द का अर्थ है कि जहां तक आयात/निर्यात लेनदेन का संबंध है, सेज में स्थित इकाई देश में कहीं भी अथवा सेज के भीतर अपनी मूल इकाई या सहायक इकाई के वित्तीय लेनदेन से पूर्णत: अलग होती है।

भारत के बाहर रहने वाले व्यक्तियों के लिए सुविधाएं

विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के लिए सुविधाएं

ए 9 ए) एफआईआई के खाते रखने वाले प्रा. व्या. बैंकों की नामित शाखाएं निम्नलिखित शर्तों के अधीन ऐसे ग्राहकों को एक मुद्रा के रूप में रुपये के साथ फॉरवर्ड कवर प्रदान कर सकती हैं:

i. एफआईआई को किसी विशेष तिथि पर भारत में इक्विटी और/या ऋण में अपने संपूर्ण निवेश के बाजार मूल्य को हेज करने की अनुमति है। यदि प्रतिभूतियों की बिक्री के अलावा अन्य कारणों

से पोर्टफोलियो के सिकुड़ने के कारण हेज आंशिक या पूर्ण रूप से प्रतिभूति रहित हो जाता है, तो वांछित होने पर हेज को मूल परिपक्वता तक जारी रखने की अनुमति दी जा सकती है;

ii. ये वायदा संविदा, एक बार रद्द किए जाने के बाद फिर से बुक नहीं किए जा सकते हैं लेकिन परिपक्वता पर या उससे पहले रोलओवर किए जा सकते हैं।

iii. हेजिंग की लागत प्रत्यावर्तनीय निधियों और/या सामान्य बैंकिंग चैनल के माध्यम से आवक प्रेषण से पूरी की जाती है;

iv. हेजिंग के लिए प्रासंगिक सभी बाहरी प्रेषण लागू करों को घटाकर हैं।

बी. कवर के लिए पात्रता एफआईआई की घोषणा के आधार पर निर्धारित की जा सकती है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि बकाया वायदा कवर अंतर्निहित जोखिम द्वारा समर्थित है, बाजार मूल्य उतार-चढ़ाव, ताजा अंतर्वाह, प्रत्यावर्तित राशि और अन्य प्रासंगिक मापदंडों के आधार पर समीक्षा की जा सकती है।

अनिवासी भारतीयों के लिए सुविधाएं

ए 10. प्राधिकृत व्यापारी बैंक हेजिंग के लिए निम्नलिखित दिशानिर्देशों के अनुसार अनिवासी भारतीयों के साथ वायदा संविदा कर सकते हैं:

i. किसी भारतीय कंपनी में रखे गए शेयरों पर उसे देय लाभांश की राशि।

ii. विदेशी मुद्रा अनिवासी (FCNR) खाते या अनिवासी बाह्य रुपया (NRE) खाते में रखी गई शेष राशि। दोनों खातों में शेष राशि के प्रति एक चरण के रूप में रुपये के साथ वायदा संविदा बुक किया जा सकता है। एफसीएनआर (बी) खातों में शेष राशि के संबंध में, किसी विदेशी मुद्रा में शेष राशि को दूसरी विदेशी मुद्रा, जिसमें एफसीएनआर (बी) जमा को बनाए रखने की अनुमति है, में परिवर्तित करने के लिए क्रॉस करेंसी (रुपया शामिल नहीं) वायदा संविदा भी बुक किए जा सकते हैं।

iii. विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम, 1973 के प्रावधानों के अनुसार या उसके तहत जारी अधिसूचनाओं के तहत या विदेशी मुद्रा प्रबंधन विनियम, 2000 (भारत के बाहर निवासी व्यक्ति द्वारा प्रतिभूति का स्थानांतरण या जारी करना) के प्रावधानों के अनुसार और दोनों मामलों में

पोर्टफोलियो योजना के तहत किए गए निवेश की राशि उपरोक्त पैरा क 9 के परंतुक में निर्दिष्ट नियमों और शर्तों के अधीन होगी।

भारत में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश की हेजिंग के लिए सुविधाएं

ए11. ए) एडी बैंक 1 जनवरी, 1993 से भारत में किए गए निवेशों की हेजिंग के लिए भारत के बाहर के निवासियों के साथ वायदा संविदा कर सकते हैं, जो भारत में एक्सपोजर के सत्यापन के अधीन है।

बी) भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश करने वाले भारत के बाहर के निवासियों को भी भारतीय कंपनियों में उनके निवेश पर प्राप्त लाभांश पर मुद्रा जोखिम की हेजिंग करने के लिए मुद्राओं में से एक मुद्रा के रूप में रुपये को लेते हुए एडी बैंकों के साथ वायदा संविदा करने की अनुमति है।

सी) भारत के बाहर के निवासी भी भारत में अपने प्रस्तावित प्रत्यक्ष विदेशी निवेश से उत्पन्न मुद्रा जोखिम की हेजिंग के लिए एडी बैंकों के साथ वायदा बिक्री संविदा कर सकते हैं। ऐसी संविदाओं को केवल यह सुनिश्चित करने के बाद बुक करने की अनुमति दी जा सकती है कि विदेशी संस्थाओं ने सभी आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा कर लिया है और निवेश के लिए आवश्यक अनुमोदन (जहां लागू हो) प्राप्त कर लिया है। संविदाओं की अवधि छह माह से अधिक नहीं होनी चाहिए जिसके बाद संविदा को जारी रखने के लिए रिज़र्व बैंक की अनुमति की आवश्यकता होगी। यदि ये संविदा रद्द कर दिए जाते हैं, तो वे समान अंतर्वाह के लिए पुन: बुक किए जाने के पात्र नहीं होंगे और रद्द होने पर विनिमय लाभ, यदि कोई हो, विदेशी निवेशक को नहीं दिया जाएगा।

नोट:

भारत के बाहर निवासी व्यक्ति के लिए अनुमेय सभी विदेशी मुद्रा व्युत्पन्न संविदा एक बार रद्द होने के बाद, फिर से बुक किए जाने के योग्य <u>नहीं</u> हैं।

खंड II

अधिकृत डीलरों के लिए सुविधाएं श्रेणी-I

बैंकों की परिसंपत्तियों-देयताओं का प्रबंधन

ए.12. ए) एडी बैंक अपने परिसंपत्ति-देयता पोर्टफोलियो को हेज करने के लिए निम्नलिखित साधनों का उपयोग कर सकते हैं:

ब्याज दर स्वैप, मुद्रा स्वैप और वायदा दर करार (फॉरवर्ड रेट करार)।

एडी बैंक अपने क्रॉस करेंसी प्रोप्रिएटरी ट्रेडिंग पोजीशन को हेज करने के लिए कॉल या पुट ऑप्शन खरीद सकते हैं।

बी) इन लिखतों का उपयोग निम्नलिखित शर्तों के अधीन है:

(i) इस संबंध में एक उपयुक्त नीति उनके शीर्ष प्रबंधन द्वारा अनुमोदित की जाती है।

(ii) हेज का मूल्य और परिपक्वता अंतर्निहित से अधिक नहीं होनी चाहिए।

(iii) कोई भी स्टैंड-अलोन लेन-देन शुरू नहीं किया जा सकता है। यदि पोर्टफोलियो के सिकुड़ने के कारण कोई हेज आंशिक या पूर्ण रूप से प्रतिभूति रहित हो जाता है, तो इसे मूल परिपक्वता तक जारी रखने की अनुमति दी जा सकती है और नियमित अंतराल पर मार्क टू मार्केट किया जाना चाहिए।

(iv) इन लेन-देनों से उत्पन्न निवल नकदी प्रवाहों को आय और व्यय के रूप में लेखांकित किया जाता है और जहां भी लागू होता है, विनिमय स्थिति के रूप में गणना की जाती है।

सोने की कीमतों की हेजिंग

ए 13. ए) स्वर्ण जमा योजना को संचालित करने के लिए रिज़र्व बैंक द्वारा अधिकृत बैंक, मूल्य जोखिम का प्रबंधन करने के लिए विदेशों में उपलब्ध एक्सचेंज-ट्रेडेड और ओवर-द-काउंटर हेजिंग उत्पादों का उपयोग कर सकते हैं। हालांकि, विकल्पों से जुड़े उत्पादों का उपयोग करते समय, यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि प्रीमियम की कोई शुद्ध प्राप्ति, या तो प्रत्यक्ष या निहित न हो। बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग (अंतर-बैंक स्वर्ण सौदों से उत्पन्न स्थिति सहित) द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार जिन बैंकों को भारत में वायदा सोने के संविदा करने की अनुमति दी गई है उन्हें ऊपर बताए गए तरीके से विदेशों में हेजिंग करके अपने मूल्य जोखिम को कवर करने की भी अनुमति है।

बी) प्राधिकृत बैंकों को रिज़र्व बैंक द्वारा विनिर्दिष्ट शर्तों के अध्यधीन उनके साथ सोने में अंतर्निहित बिक्री, खरीद और ऋण लेन-देन के संबंध में अपने घटकों (स्वर्ण उत्पादों के निर्यातकों, आभूषण निर्माताओं, ट्रेडिंग हाउस आदि) के साथ वायदा संविदा (संविदाएं) करने की अनुमति है।

पूंजी (कैपिटल) की हेजिंग

ए 14 ए) विदेशी बैंक निम्नलिखित शर्तों के अधीन अपने द्वारा भारतीय बही-खातों में धारित संपूर्ण टियर I पूंजी को हेज कर सकते हैं:

i) वायदा संविदा एक वर्ष या उससे अधिक की अवधि के लिए होनी चाहिए और परिपक्वता पर इसे रोल ओवर किया जा सकता है। रद्द किए गए हेज की पुनर्बुकिंग के लिए रिज़र्व बैंक की पूर्व अनुमति की आवश्यकता होगी;

(ii) स्थानीय विनियामक और सीआरएआर आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भारत में पूंजीगत निधियां उपलब्ध होनी चाहिए। इसलिए हेजिंग से प्राप्त होने वाली विदेशी मुद्रा निधियों को नोस्ट्रो खातों में नहीं रखा जाना चाहिए, बल्कि हर समय भारत में बैंकों के साथ स्वैप किया जाना चाहिए।

(बी) विदेशी बैंकों को हमारे बैंकिंग परिचालन एवं विकास विभाग (डीबीओडी) के परिपत्र सं IBS. बीसी.65/23.10.015/2001-02 दिनांक 14 फरवरी, 2002 के अनुसार अपनी टियर II पूंजी को हर समय भारतीय रुपये में स्वैप करके प्रधान कार्यालय उधार के रूप में अधीनस्थ ऋण के रूप में हेज करने की अनुमति है।

भाग बी

अनिवासी बैंकों के खाते

सामान्य

बी 1. (i) अनिवासी बैंक के खाते में जमा करना अनिवासी व्यक्तियों को भुगतान करने की एक अनुमत विधि है और इसलिए यह विदेशी मुद्रा में अंतरण पर लागू विनियमों के अधीन है।

(ii) अनिवासी बैंक के खाते में डेबिट करना वास्तव में विदेशी मुद्रा में आवक विप्रेषण (इनवार्ड रिमिटेंस) है।

अनिवासी बैंकों के रुपये खाते

बी 2. प्राधिकृत डीलर रिज़र्व बैंक के पूर्व संदर्भ के बिना अपनी विदेशी शाखाओं या कारोबार प्रतिनिधि (कॉरेस्पोंडेंट) के नाम पर रुपये खाते (गैर-ब्याज वाले) खोल/बंद कर सकते हैं। पाकिस्तान के बाहर काम कर रहे पाकिस्तानी बैंकों की शाखाओं के नाम पर रुपये खाते खोलने के लिए रिजर्व बैंक की विशिष्ट मंजूरी की आवश्यकता है।

अनिवासी बैंकों के खातों का निधियन

बी 3. (i) प्राधिकृत डीलर श्रेणी-I भारत में अपनी वास्तविक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपने खातों में निधियां निर्धारित करने के लिए अपने विदेशी कारोबार प्रतिनिधियों (कॉरेस्पोंडेंट) /शाखाओं से चालू बाजार दरों पर स्वतंत्र रूप से विदेशी मुद्रा खरीद सकते हैं।

(ii) खातों में लेन-देनों की कड़ी निगरानी की जानी चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विदेशी बैंक रुपये के संबंध में सट्टा न लगाएं। ऐसी किसी भी घटना को रिजर्व बैंक को सूचित किया जाना चाहिए।

नोट:

निधियन के लिए रुपये के मुकाबले विदेशी मुद्राओं की अग्रिम खरीद या बिक्री निषिद्ध है। अनिवासी बैंकों को दो-तरफ़ा उद्धरणों की पेशकश भी निषिद्ध है।

अन्य खातों से स्थानांतरण

बी 4. एक ही बैंक या विभिन्न बैंकों के खातों के बीच धन के हस्तांतरण की स्वतंत्र रूप से अनुमति है।

विदेशी मुद्राओं में रुपये का रूपांतरण

बी 5. अनिवासी बैंकों के रुपये के खातों में रखी शेष राशि को मुक्त रूप से विदेशी मुद्रा में परिवर्तित किया जा सकता है। ऐसे सभी लेनदेन फॉर्म ए 2 में दर्ज किए जाने चाहिए और संबंधित रिटर्न के तहत खाते से संबंधित डेबिट फॉर्म ए 3 में होना चाहिए।

भुगतान और प्राप्तकर्ता बैंकों की जिम्मेदारियां

बी 6. खातों में क्रेडिट के मामले में भुगतान करने वाले बैंकर को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी नियामक आवश्यकताओं को पूरा किया गया है और जैसा भी मामला हो, फॉर्म ए 1 /ए 2 में सही ढंग से प्रस्तुत किया गया है।

रुपया विप्रेषण की वापसी

बी 7. आवक विप्रेषणों को रद्द करने या वापस करने के अनुरोधों का अनुपालन इस बात को संतुष्ट करने के पश्चात कि धनवासपसी प्रतिपूरक लेनदेन के रूप में नहीं की जा रही है, रिज़र्व बैंक के संदर्भ के बिना किया जा सकता है।

ओवरड्राफ्ट/विदेशी शाखाओं/संवाददाताओं को ऋण

बी 8. (i) प्राधिकृत डीलर श्रेणी-I अपनी विदेशी शाखाओं/संवाददाताओं को सामान्य व्यावसायिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ऐसी राशि के अस्थायी अधि -आहरण (ओवरड्रॉल) की अनुमति दे सकते हैं जों कुल मिलाकर 500 लाख रुपए से अधिक नहींहै।। यह सीमा भारत में प्राधिकृत डीलर श्रेणी-I की सभी शाखाओं के बही-खातों में सभी विदेशी शाखाओं और कारोबार प्रतिनिधियों के विरुद्ध बकाया राशि पर लागू होती है। इस सुविधा का उपयोग खातों के निधियन को स्थगित करने के लिए नहीं किया

जाना चाहिए। यदि उपर्युक्त सीमा से अधिक ओवरड्राफ्ट को पांच दिनों के भीतर समायोजित नहीं किया जाता है, तो महीने की समाप्ति से 15 दिनों के भीतर, विदेशी मुद्रा विभाग, विदेशी मुद्रा बाजार प्रभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक, केंद्रीय कार्यालय को इसके कारण बताते हुए एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जानी चाहिए। यदि वैल्यू डेटिंग के लिए कोई व्यवस्था हो तो इस तरह की रिपोर्ट आवश्यक नहीं है।

(ii) विदेशी बैंकों को उपर्युक्त (i) से अधिक कोई अन्य ऋण सुविधा प्रदान करने के इच्छुक प्राधिकृत डीलरों को मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय रिजर्व बैंक, विदेशी मुद्रा विनिमय विभाग, विदेशी मुद्रा बाजार प्रभाग, केन्द्रीय कार्यालय, मुंबई से पूर्वानुमोदन प्राप्त करना होगा।

एक्सचेंज हाउस के रुपया खाते

बी 9. भारत में निजी विप्रेषण को सुविधाजनक बनाने के लिए एक्सचेंज हाउस के नाम पर रुपया खाते खोलने के लिए <u>रिज़र्व बैंक की मंजूरी की आवश्यकता</u> होती है। व्यापार लेनदेन के वित्तपोषण के लिए एक्सचेंज हाउसों के माध्यम से प्रेषण की अनुमति 2,00,000 रुपये प्रति लेनदेन तक है।

भाग सी

अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा लेनदेन

सामान्य

सी 1. प्राधिकृत डीलर श्रेणी-I के निदेशक मंडल को एक उपयुक्त नीति बनानी चाहिए और विभिन्न ट्रेजरी कार्यों के लिए उपयुक्त सीमाएं तय करनी चाहिए।

स्थिति और अंतराल

सी 2. निवल एक दिवसीय खुली विनिमय स्थिति (<u>अनुलग्नक-I</u>) और कुल अंतर सीमाओं को रिज़र्व बैंक द्वारा अनुमोदित किया जाना अपेक्षित है।

अंतर-बैंक लेनदेन

सी 3. पैराग्राफ C.1 और C.2 के प्रावधानों के अनुपालन के अधीन, प्राधिकृत डीलर श्रेणी-I मुक्त रूप से निम्नानुसार विदेशी मुद्रा लेनदेन कर सकते हैं:

ए) भारत में प्राधिकृत डीलर श्रेणी-I के साथ:

(i) रुपये या किसी अन्य विदेशी मुद्रा के बदले विदेशी मुद्रा खरीदना/बेचना/ स्वैप करना।

(ii) विदेशी मुद्रा में जमाराशियां रखना/स्वीकार करना और उधार लेना/उधार देना।

बी) विदेशी बैंकों और विशेष आर्थिक क्षेत्रों में ऑफ-शोर बैंकिंग इकाइयों के साथ

(i) ग्राहक लेनदेन को कवर करने या अपनी स्थिति के समायोजन के लिए किसी अन्य विदेशी मुद्रा के साथ विदेशी मुद्रा की खरीद/बिक्री/अदला-बदली करना,

(ii) विदेशी बाजारों में व्यापारिक स्थिति आरंभ करना।

नोट:

ए. अनिवासी बैंकों के खातों का निधियन - कृपया पैराग्राफ बी.3 देखें।

बी. अंतर-बैंक बाजार में बिक्री के लिए फॉर्म ए 2 को पूरा करने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन ऐसे सभी लेनदेन आर रिटर्न में रिज़र्व बैंक को सूचित किए जाएंगे।

विदेशी मुद्रा खाते/विदेशी बाजारों में निवेश

सी4. (i) विदेशी मुद्रा खातों में अंतर्वाह मुख्यतः ग्राहक से संबंधित लेन-देनों, स्वैप सौदों, जमाओं, उधारों आदि से उत्पन्न होता है। प्राधिकृत डीलर श्रेणी-I विदेशी मुद्राओं में शीर्ष प्रबंधन द्वारा अनुमोदित स्तरों तक शेष राशि बनाए रख सकते हैं। वे रिज़र्व बैंक द्वारा अनुमोदित अंतराल सीमाओं के अनुपालन के अधीन अपनी विदेशी शाखाओं/कारोबार प्रतिनिधियों के साथ ओवरनाइट प्लेसमेंट और निवेश के माध्यम से इन खातों में अधिशेष का प्रबंधन करने के लिए स्वतंत्र हैं।

(ii) प्राधिकृत डीलर श्रेणी-I अपने निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित सीमा तक विदेशी बाजारों में निवेश करने के लिए स्वतंत्र हैं। इस तरह का निवेश विदेशी मुद्रा बाजार लिखतों और/या विदेशी राज्य द्वारा जारी और कम से कम स्टैंडर्ड एंड पुअर/फिच आईबीसीए द्वारा AA (-) के रूप में या मूडीज द्वारा Aa3 रेट किए गए एक वर्ष से कम की अवशिष्ट परिपक्वता वाले ऋण लिखतों में किया जा सकता है। किसी भी विदेशी राज्य के मुद्रा बाजार लिखतों के अलावा अन्य ऋण लिखतों में निवेश के उद्देश्य से, बैंक बोर्ड जहां भी आवश्यक हो, देश की रेटिंग और देश-वार सीमाएं अलग-अलग निर्धारित कर सकता है।

नोट: इस खंड के प्रयोजन हेतु, 'मनी मार्केट इंस्ट्रूमेंट' में कोई भी ऋण लिखत शामिल होगा, जिसका जीवन काल खरीद की तारीख को एक वर्ष से अधिक नहीं है।

(iii) प्राधिकृत डीलर श्रेणी-I अप्रयुक्त एफसीएनआर (बी) निधियों का विदेशी बाजारों में दीर्घावधि निश्चित आय प्रतिभूतियों में भी इस शर्त के अधीन निवेश कर सकते हैं कि निवेश की गई प्रतिभूतियों की परिपक्वता अंतर्निहित एफसीएनआर (बी) जमाराशियों की परिपक्वता से अधिक न हो।

(iv) नोस्ट्रो खातों में अधिशेष दर्शाने वाली विदेशी मुद्रा निधियों का उपयोग निम्नलिखित के लिए किया जा सकता है:

ए) निवासी संघटकों को उनकी विदेशी मुद्रा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अथवा रुपये की कार्यशील पूंजी/पूंजीगत व्यय की आवश्यकताओं के लिए विवेकपूर्ण/ब्याज दर मानदंडों, ऋण अनुशासन और ऋण निगरानी के प्रचलित दिशानिर्देशों के अधीन ऋण प्रदान करना।

(बी) विदेशों में पूर्ण भारतीय स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों/ संयुक्त उद्यमों, जिनमें कम से कम 51 प्रतिशत इक्विटी किसी निवासी कंपनी के पास है, को ऋण सुविधाएं प्रदान करना, जो रिज़र्व बैंक (बैंकिंग परिचालन एवं विकास विभाग) द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अध्यधीन है।

(v) प्राधिकृत डीलर, बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग द्वारा समय-समय पर जारी अनुदेशों के अनुसार असंगत नामे / जमा (डेबिट/क्रेडिट) प्रविष्टियों को बट्टे खाते/अदावाकृत (अनक्लेम्ड) शेष खातों में अंतरित कर सकते हैं।

ऋण/ओवरड्राफ्ट

सी 5.. ए) प्राधिकृत डीलर श्रेणी-I की समुद्रपार विदेशी मुद्रा उधारों की सभी श्रेणियां (नीचे (ग) में दिए गए उधारों को छोड़कर), जिसमें मौजूदा विदेशी वाणिज्यिक उधार और उनके प्रधान कार्यालय, विदेशी शाखाओं और कारोबार प्रतिनिधियों से ऋण/ओवरड्राफ्ट और नोस्ट्रो खातों में ओवरड्राफ्ट (पांच दिनों के भीतर समायोजित नहीं किए गए) शामिल हैं, उनकी अबाधित टियर 1 पूंजी के 25 प्रतिशत या 10 मिलियन अमरीकी डालर,जो भी अधिक हो (या इसके समकक्ष) से अधिक नहीं होगी। उपर्युक्त सीमा भारत में सभी कार्यालयों और शाखाओं द्वारा विदेशों में अपनी सभी शाखाओं / संवाददाताओं से प्राप्त कुल राशि पर लागू होती है और इसमें घरेलू स्वर्ण ऋणों के निधियन के लिए सोने में विदेशी उधार भी शामिल है (देखें DBOD circular No. IBD.BC. 33/23.67.001/2005-06 दिनांक 5 सितंबर, 2005)। यदि उपर्युक्त सीमा से अधिक आहरण को पांच दिनों के भीतर समायोजित नहीं किया जाता है, तो अनुबंध-VIII के प्रारूप के अनुसार, एक रिपोर्ट, मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय रिजर्व बैंक, विदेशी मुद्रा विभाग, विदेशी मुद्रा बाजार प्रभाग, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई 400001 को उस महीने की समाप्ति से 15 दिनों के भीतर

प्रस्तुत की जानी चाहिए जिसमें सीमा पार कर ली गई थी। यदि वैल्यू डेटिंग के लिए व्यवस्था मौजूद हो तो इस तरह की रिपोर्ट आवश्यक नहीं है।

बी) इस प्रकार जुटाई गई निधियों का उपयोग भारत में घटकों को विदेशी मुद्रा में उधार देने के अलावा अन्य प्रयोजनों के लिए किया जाए और रिज़र्व बैंक को संदर्भित किए बिना चुकाया जाए । इस नियम के अपवाद के रूप में, एडी बैंकों को दिनांक 31 जनवरी, 2003 के आईईसीडी परिपत्र संख्या 12/04.02.02/2002-03 के अनुसार निर्यात ऋण के लिए विदेशी मुद्रा ऋण प्रदान करने हेतु स्वैप के माध्यम से प्राप्त विदेशी मुद्रा निधियों के साथ-साथ उधार ली गई निधियों का उपयोग करने की अनुमति है। इस सीमा से ऊपर कोई भी नया उधार केवल रिज़र्व बैंक के पूर्व अनुमोदन के साथ ही किया जाएगा। नए ईसीबी के लिए आवेदन वर्तमान ईसीबी नीति के अनुसार किए जाने चाहिए।

सी) निम्नलिखित उधार अबाधित टियर 1 पूंजी के 25 प्रतिशत या 10 मिलियन अमरीकी डालर (या इसके समकक्ष), जो भी अधिक हो, की सीमा से बाहर रहेंगे:

i) विदेशी मुद्रा में निर्यात ऋण पर दिनांक 1 जुलाई 2003 के आईईसीडी मास्टर परिपत्र में निर्धारित शर्तों के अधीन निर्यात ऋण के वित्तपोषण के उद्देश्य से अधिकृत डीलरों श्रेणी-I द्वारा विदेशी उधार।

ii) विदेशी बैंकों के प्रधान कार्यालयों द्वारा भारत में उनकी शाखाओं के साथ टियर II पूंजी के रूप में रखा गया अधीनस्थ ऋण

(iii) रिज़र्व बैंक के विशिष्ट अनुमोदन से कोई अन्य विदेशी उधार

(डी) ऋणों/ओवरड्राफ्टों पर ब्याज रिज़र्व बैंक के पूर्व अनुमोदन के बिना (करोंको घटाकर) भेजा जा सकता है।

भाग डी

रिज़र्व बैंक को रिपोर्टें

